गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 13.07.2018 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 13.07.2018 को सायं 04:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई, बैठक के प्रारंभ में कुलसचिव जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

1.	प्रो. अमित सक्सेना, कुलपति(कार्यवाहक)	अध्यक्ष
2.	प्रो. पी.के. बाजपेयी	सदस्य
3.	प्रो. ए.एस. रणदिवे	सदस्य
4.	प्रो. अनुपमा सक्सेना	सदस्य
5.	प्रो. मनीष कुमार श्रीवास्तव	सदस्य
6.	प्रो. व्ही.डी. रंगारी	सदस्य
7.	प्रो. व्ही.एस. राठौर	सदस्य
8.	डॉ. रेणु भट्ट	सदस्य
9.	प्रो. बी.एन. तिवारी	सदस्य
10.	डॉ. एम.सी. राव	सदस्य
11.	डॉ. राकेश पाण्डेय	सदस्य
12.	प्रो. एम.के. सिंह	विशेष आमंत्रित
13.	प्रो. शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्मानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :-

01 डॉ. एस.एस. धुरिया

निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

विषय क्र. 01 विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 25.06.2018 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 25.06.2018 के कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई।

विषय क्र. 02 पाठ्यक्रमों के रिक्त सीटों के विरूद्ध नवीन आवेदन मंगाये जाने पर विचार।

समिति ने यह निर्णय लिया कि जिन विभागों में स्थानान्तरण प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए है एवं विभाग में सीटें रिक्त है ऐसे विभाग दिनांक 14.07.2018 को खुले रहेंगे एवं स्थानान्तरण प्रक्रिया के तहत प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए आवेदकों को प्रवेश प्रदान करेंगे।

समिति ने यह और निर्णय लिया कि ऐसे विभाग जहां संचालित पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षा (VET) का आयोजन किया गया था वे विभाग दिनांक 18.07.2018 तक काउंसिलिंग करा सकते है एवं उम्मिदवारों को प्रवेश प्रदान कर सकते है।

समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि ऐसे विभाग जहां के पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है तथा दिनांक 14.07.2018 तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने

के बाद भी सीटें रिक्त है में निर्धारित अंतिम तिथि के पूर्व विश्वविद्यालय में जमा किये गये आवेदन को संलग्न करते हुए सादे कागज में अनुरोध लिखकर पुनः जमा कर सकते है। संबंधित विभाग स्थानान्तरण प्रक्रिया के माध्यम से दिनांक 18.07.2018, पूर्वान्ह 11:00 बजे तक प्राप्त ऐसे आवेदनों पर विचार करते हुए प्रवेश समिति के माध्यम से प्राविण्यता के आधार पर दिनांक 18.07.2018 तक प्रवेश प्रदान कर सकेंगे।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि स्थानान्तरण प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश प्रदान करने हेतु रिक्त सीटों की जानकारी दिनांक 14.07.2018 तक मंगाया जाकर संवर्गवार जानकारी एवं प्रवेश तिथि की सूचना विश्वविद्यालय के वेब पटल पर अपलोड की जाय।

समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि ऐसे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जिनके लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन नहीं हुआ है, में सीटे रिक्त रहने पर उन्हें पुनः विज्ञापित कर नवीन आवेदन दिनांक 23.07.2018 तक मंगाया जाकर दिनांक 24.07.2018 तक प्रवेश प्रदान किया जाये।

उपस्थित सदस्यों एवं अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

13/07/2018

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

13/7/18

कुलपति/अध्यक्ष